


**इंग्लैंड के दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था**

रिषभ पंत ने साल 2018 में इंग्लैंड के दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसी दौरे पर उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच में शानदार शतक जमाया। टेस्ट करियर की महज छठी पारी में ही पंत ने ओवल टेस्ट 114 रन की शानदार पारी खेली। इस शतक को जमाने के वक्त पंत की उम्र 21 साल 91 दिन की थी। सचिन ने 23 साल 71 दिन में सेना कंट्री (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया) में शतक जमाया था। सबसे कम उम्र में सेना देश के खिलाफ शतक लगाने के मामले में पंत ने सचिन को पीछे छोड़ दिया।

## धौनी तो कुछ नहीं तेंदुलकर का रिकार्ड भी तोड़ चुके हैं रिषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर रिषभ पंत ने बहुत जल्दी दिग्गज महेंद्र सिंह धौनी की जगह को भर दिया है। शुरुआती मुकाबलों में औसत प्रदर्शन करने की वजह से उनकी भूमिका पर जरूर सवाल खड़े हुए थे लेकिन काफी कम समय में इस युवा ने अपने खेल में सुधार कर वापसी की। आज पंत टीम इंडिया के मुख्य विकेटकीपर हैं और तीनों ही फार्मेट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। इस खिलाड़ी ने छोटे से करियर में कुछ ऐसी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जो आजतक किसी और भारतीय विकेटकीपर ने हासिल नहीं की थी। 4 अक्टूबर 1997 को उत्तराखंड के रूड़की में जन्में रिषभ पंत सोमवार को अपना 24वां जन्मदिन मना रहे हैं। फरवरी 2017 में टी20 इंटरनेशनल से करियर की शुरुआत करने वाले पंत ने वनडे और टेस्ट में अपनी काबिलित को साबित किया। टेस्ट में तो उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में शतक जमाकर इतिहास रच दिया। बतौर विकेटकीपर बल्लेबाजी एशिया में उनके बड़ा टेस्ट स्कोर आज तक किसी भी बल्लेबाज ने नहीं बनाया।

# आईपीएल में चौथे स्थान के लिए कई टीमों के बीच जंग जारी

**क्रिकेट**

### धौनी, कोहली, रिषभ, रोहित से भी बेस्ट कप्तान आईपीएल 2021 के यूएई लेग में कौन है?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइपीएल 2021 के प्लेआफ में तीन टीमें पहुंच चुकी है। सबसे पहले चेन्नई सुपर किंग्स फिर दिल्ली कैपिटल्स और इसके बाद आरसीबी ने प्लेआफ के लिए अपना टिकट कटा लिया है जबकि चौथे स्थान के लिए कई टीमों के बीच जंग जारी है। इस वक्त तीन टीमें ऐसी हैं जिनके पास यहां तक पहुंचने का मौका है और इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स शामिल है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स प्लेआफ की होड़ से बाहर हो चुकी है। तीन बेहतरीन कप्तान एम एस धौनी, रिषभ पंत और विराट कोहली अपनी टीम को प्लेआफ तक पहुंचा चुके हैं।

आइपीएल 2021 के यूएई लेग में धौनी, रिषभ पंत व विराट कोहली का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा और




रिजल्ट भी सबको नजर आ रहा है, लेकिन टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का कहना है कि इस सीजन के यूएई लेग में इन सबसे बेहतर कप्तान इयोन मोर्गन हैं। मोर्गन केकेआर की कप्तानी कर रहे हैं और खबर लिखे जाने तक इस टीम के 12 अंक हैं और ये अंकतालिका में चौथे नंबर पर होने के साथ-साथ प्लेआफ में पहुंचने के लिए संघर्षरत है।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के साथ बात करते हुए मांजरेकर ने इयोन मोर्गन के आइपीएल के 14वें सीजन के दूसरे भाग का बेस्ट कप्तान करार दिया। हालांकि मांजरेकर की ये बात हैरान जरूर करती है क्योंकि केकेआर ने मोर्गन की कप्तानी में यूएई में छह में से चार मैचों में जीत दर्ज की है तो वहीं उनसे बेहतर रिकार्ड धौनी का नजर आता है जिनकी कप्तानी में अब तक उनकी टीम ने पांच में से चार मैचों में जीत दर्ज की है। केकेआर को यूएई लेग में सीएसके के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आपको बता दें कि आइपीएल 2021 के बचे हुए 31 मुकाबलों का आयोजन बीसीसीआइ ने यूएई में कराने का फैसला किया था और इसकी शुरुआत 19 सितंबर से हुई थी और इसका समापन 15 अक्टूबर को होगा।

## शुभमन गिल पर बोले अजय जडेजा, बाकी खिलाड़ी उनसे काफी आगे निकल गए हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शुभमन गिल ने इंडियन प्रीमियर लीग 2021 में अपना पहला अर्धशतक लगाया। उनकी पारी की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहम जीत दर्ज की। गिल ने 51 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। कोलकाता ने जीत के लिए 116 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इसके साथ ही इयॉन मोर्गन की कप्तानी वाली अभी चौथे स्थान पर कायम है।

जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में केएल राहुल और रोहित शर्मा के अच्छे प्रदर्शन के बाद से ही टेस्ट टीम में गिल के लिए जगह बनाना पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**इस सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए उनकी पहली हाफ सेंचुरी है**

जडेजा का मानना है कि टी20 में भी युवा सलामी बल्लेबाजों पृथ्वी साव, देवदत्त पडिक्कल और रुतुराज गायकवाड़ ने इस सीजन में शानदार खेल दिखाकर गिल को पीछे छोड़ दिया है।

जडेजा ने कहा, यह साल शुभमन गिल के लिए अच्छा नहीं रहा है। जब वह चोट से लौटे तो बाकी खिलाड़ी उनसे आगे निकल गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में सीरीज के बाद भारतीय टीम के पसंदीदा खिलाड़ी थे। उनकी चोट के बाद केएल राहुल, जो टीम में नहीं थे, ने खुद को स्थापित कर लिया। रोहित शर्मा ने भी। तो अब टेस्ट टीम में भी उनकी जगह पर संदेह पैदा हो गया है। और टी20 की बात करें तो ऐसे नाम हैं जो उनसे आगे निकल गए हैं।

जडेजा ने कहा कि गिल को लो-स्कोरिंग मुकाबले में अच्छी गेम सेंस है, लेकिन उन्हें अपने हुनर में सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, श्वे खिलाड़ी जो अपनी युवावस्था में काफी रन बनाते हैं उनमें खेल की समझ काफी अच्छी होती है।

उन्हें खेल के बारे में पता होता है, तो जब खेल कंट्रोल में होता है, तो वे उसे आसानी से गंवाते नहीं हैं। लेकिन अगर वह अपने हुनर में कुछ जोड़ लते हैं तो यह और अच्छा ही होगा। जडेजा ने कहा कि शुभमन गिल ने कुछ प्रभावी पारियां खेली हैं लेकिन वह कुछ बड़ा योगदान नहीं दे पाए हैं।

## सचिन तेंदुलकर का नाम आने से हड़कंप, वकील ने कहा- सारे निवेश वैध हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम सोमवार सुबह अचानक से गलत वजह से सुर्खियों में आने से हड़कंप मच गया। पैंडोरा पेपर्स के नाम से लीक हुए करोड़ों दस्तावेज में भारत समेत 91 देशों के वर्तमान एवं पूर्व नेताओं, अफसरों और मशहूर हस्तियों के वित्तीय रहस्यों को उजागर करने का दावा किया गया है। इसमें जो नाम सबसे हैरान करने वाला था वो सचिन का है। इस महान हस्ति का लिस्ट में आने के तुरंत बाद ही उनके वकील ने यह साफ कर दिया कि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है और उनका नाम यूं ही बदनाम किया जा रहा है। दुनियाभर में सचिन की छवि एक साफ और ईमानदार क्रिकेटर की रही है। ना तो मैदान के अंदर और ना ही मैदान के बाहर सचिन से कभी किसी तरह का कोई बड़ा विवाद जुड़ा है। खेल के दौरान छोटे मोटे विवाद तो सभी के साथ होते हैं लेकिन बतौर क्रिकेटर सक्रिय रहने के वक्त भी वह विवादों से दूर ही रहना पसंद करते थे। सौम्य स्वभाव के सचिन किसी विवादित मुद्दे पर आम तौर पर बयान देने से भी बचते हैं।

## न्यूज डायरी




### बाबर आजम ने तोड़ा क्रिस गेल का रेकॉर्ड, विराट कोहली को भी पीछे छोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने रविवार को एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। बाबर आजम क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में सबसे तेजी से 7000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने नैशनल टी20 कप के मुकाबले में यह मुकाम हासिल की। न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज रद्द होने के बाद पाकिस्तान के बड़े सितारे इस घरेलू टूर्नमेंट में खेल रहे हैं। इस टूर्नमेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड की तैयारी कर रहे हैं। नैशनल टी20 कप में सेंट्रल पंजाब की कप्तानी कर रहे आजम ने सदर्न पंजाब के खिलाफ इस मैच मेतेज-तर्रार बल्लेबाजी की और हाफ सेंचुरी जड़ दी। बाबर ने 187वीं पारी में क्रिकेट के इस सबसे छोटे फॉर्मेट में 7000 रन का आंकड़ा पार किया। आजम की 59 रन की पारी की मदद से उनकी टीम ने जीत हासिल की। यह सदर्न पंजाब की टूर्नमेंट में लगातार छठी हार थी। इसके साथ ही बाबर आजम ने क्रिस गेल और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया।

### नीतीश राणा के शॉट से टूटा कैमरा, राशिद खान भी रह गए हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कोलकाता ने प्लेऑफ का अपना दावा मजबूत कर लिया। कोलकाता ने गेंदबाजों ने पहले हैदराबाद को 115 के स्कोर पर रोक लिया और इसके बाद शुभमन गिल की हाफ सेंचुरी के दम पर मैच अपने नाम कर लिया। गिल के अलावा नीतीश राणा ने भी 25 रन की पारी खेली। अपनी पारी में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कुल तीन चौके लगाए। वह मैच जल्दी खत्म करने में लगे थे लेकिन ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने उन्हें पविलियन भेज दिया। आउट होने से पहले राणा के एक चौके से कैमरा टूट गया। राणा ने जेसन होल्डर की गेंद पर पुल किया और गेंद को बाउंड्री लाइन के पार भेजा। उस समय वह 21 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। विकेट लेने के मकसद से होल्डर ने शॉर्ट पिच गेंद फेंकी। राणा ने इसका पूरा फायदा उठाया और गेंद को पुल कर दिया।

### बाउंड्रीज के जरिए 100 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं रिषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रिषभ पंत को जब दिल्ली कैपिटल्स की जिम्मेदारी इस साल श्रेयस अय्यर के इंजर्ड होने के बाद दी गई थी तब कई क्रिकेट दिग्गजों ने हैरानी जताई थी। टीम में कई सीनियर खिलाड़ी जैसे की शिखर धवन, अजिंक्य रहाणे, स्टीव स्मिथ और आर अश्विन मौजूद थे बावजूद इसके फ्रेंचाइजी ने रिषभ को कप्तान के तौर पर क्यों चुका। ये एक बड़ा सवाल था और रिषभ पंत के पास एक मौका था कि वो दिखा सकें की वो कप्तानी की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा सकते हैं। आइपीएल के इस सीजन में रिषभ पंत ने दिखा दिया कि उनमें ना सिर्फ बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज सफल होने की काबिलियत है बल्कि वो कप्तानी की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा सकते हैं। रिषभ पंत की कप्तानी में उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स आइपीएल 2021 के प्लेआफ में जगह बना चुकी है।

### सनराइजर्स हैदराबाद को देकर मात, कोलकाता ने मजबूत किया प्लेऑफ का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। कोलकाता नाइट राइडर्स, आईपीएल 2021 के प्लेऑफ में जगह बनाने की दावेदार है। टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हरा दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने 57 रन बनाए। यह इस सीजन में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। गिल ने 51 गेंदों का सामना किया। हैदराबाद की एक टीम एक बार फिर केन विलियमसन (26) पर निर्भर रही। इसके अलावा प्रियम गर्ग (21) और अब्दुल समद, जिन्होंने तीन छक्कों की मदद से 25 रन बनाए। हैदराबाद ने 8 विकेट पर 115 रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं तब्दील कर सके। कोलकाता को जीत दिलाने में गिल ने अहम भूमिका निभाई।